दैनिक भास्कर 17/04/2025

ओटीटी ने मनोरंजन की दुनिया में किया बड़ा बदलाव : नगेंद्र

कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि।

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में जनसंचार और संगीत विभाग ने डिजिटल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म में करियर की संभावनाओं पर विशेष सत्र हुआ। मुख्य वक्ता एक कंपनी के मुख्य कंटेंट अधिकारी नितिन गुप्ता और हरियाणा कला परिषद के निदेशक नगेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि ओटीटी ने मनोरंजन की दुनिया में बड़ा बदलाव किया है। छात्रों को इन बदलावों को समझना जरूरी है। चौपाल जैसे प्लेटफॉर्म से जुड़ना उन्हें व्यावहारिक अनुभव देगा और करियर के नए रास्ते खोलेगा। नितिन गुप्ता ने कहा कि डिजिटल मीडिया का भविष्य उज्ज्वल है। चौपाल युवा प्रतिभाओं को मंच देने के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ प्रोडक्शन, स्क्रिप्टिंग, एडिटिंग और कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन में भी मार्गदर्शन देता है।

नगेंद्र शर्मा ने छात्रों को नई सोच और मेहनत से ओटीटी में पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर शिक्षक डॉ. चंद्रपाल पुनिया, डॉ. नेहा, सुषमा शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया स्कॉलर अनिल यादव, राजेंद्र मीरवाल मौजूद थे।